## राज्य शासन को जवाब प्रस्तुत करने के लिए दिया दो सप्ताह का समय

# बिना सुनवाई रिसार्ट सील करना पड़ा भारी, हाई कोर्ट ने तत्काल खोलने के दिए आदेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सुनवाई का अवसर दिए बिना सील किए गए एक रिसार्ट-कम-रेस्टोरेंट को तत्काल प्रभाव से डी-सील करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए कहा कि फिलहाल राज्य सरकार यह दर्शाने में असफल रही है कि कार्रवाई से पहले याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिया गया था। सतपुड़ा हास्पिटैलिटी साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय के. अग्रवाल ने दलील दी कि प्रशासन ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अनदेखी करते हुए तिलवाराघाट के समीप स्थित रिसार्ट-कम-रेस्टोरेंट को सील कर दिया। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अजय ओझा ने अवगत कराया कि निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियां तथा स्वीकृत अनुमति से अधिक निर्माण पाए जाने पर रिसार्ट को सील किया गया था। हालांकि राज्य की ओर से ऐसा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिससे यह स्पष्ट हो कि कार्रवाई से पूर्व याचिकाकर्ता को नोटिस या सुनवाई का अवसर दिया गया था। हाई कोर्ट ने प्रथमदृष्ट्या याचिकाकर्ता का पक्ष उचित मानते हुए संबंधित अधिकारियों को रिसार्ट-कम-रेस्टोरेंट तत्काल डी-सील करने का निर्देश दिया। साथ ही राज्य शासन को जवाब प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई नियत कर दी।



## भोजशाला के फैसले से हुए देश-दुनिया में चर्चित

# हाईकोर्ट के जस्टिस विजय शुक्ला का विदाई समारोह आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस विजय शुक्ला के गुरुवार, 25 जून को सेवानिवृत्त होंगे। इसके पूर्व बुधवार, 24 जून को सायं 4.40 बजे उनके सम्मान में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के रजत जयंती आदर्श सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जस्टिस शुक्ला ने हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पदस्थ रहते हुए बहुचर्चित भोजशाला जैसे महत्वपूर्ण प्रकरण में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता अमित जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हाई कोर्ट के एसीजे विवेक रूसिया सहित अन्य न्यायमूर्ति उपस्थित रहेंगे। सभी न्यायमूर्ति विजय शुक्ला के न्यायिक योगदान और सेवाओं को स्मरण करेंगे। अधिवक्ता व न्यायिक समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।



## मप्र स्टेट बार काउंसिल चुनाव : भोपाल-बुरहानपुर की मतगणना पूरी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की मतगणना जारी है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 22 जून को शुरू हुई भोपाल जिले की मतपेटियों की गिनती मंगलवार को पूरी कर ली गई। इसके साथ ही बुरहानपुर जिले की मतपेटियों की मतगणना भी पूरी हो गई। अब तक हुई मतगणना के आधार पर पांच प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए हैं। इनमें राजेश व्यास, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. पी.सी. कोठारी, महेश कुमार मौर्य और मोहम्मद महबूब अंसारी प्रमुख हैं। शुरुआती रुझानों में इन प्रत्याशियों को अधिवक्ता समुदाय का उल्लेखनीय समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। निर्वाचन प्राधिकरण के अनुसार अब तक कुल 8,791 मतों की गणना की जा चुकी है। इनमें 8,415 मतपत्र वैध पाए गए हैं, जबकि 376 मतपत्र निरस्त घोषित किए गए।

## बैठक में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी के निर्देश

# राष्ट्रीय हित की परियोजनाएं समय सीमा में पूर्ण करें

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि प्रदेश में क्रियान्वित राष्ट्रीय महत्व एवं राष्ट्रीय हित से जुड़ी सभी पारेषण परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा से पूर्व तथा उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 सहित प्रदेश में संचालित सभी पारेषण विस्तार एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि परियोजनाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सकें।

मुख्यालय जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में विभागाध्यक्षों एवं मुख्यालय व फील्ड के अधीक्षण अभियंताओं को संबोधित करते हुए प्रबंध संचालक ने कहा कि मानसून के दौरान संभावित अतिवृष्टि एवं प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों को देखते हुए राज्यभर में फैले 43 हजार सर्किट किलोमीटर से अधिक के ट्रांसमिशन नेटवर्क तथा 417 एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) सबस्टेशनों के सुचारु संचालन एवं निर्बाध विद्युत पारेषण के लिए क्विक रिस्पांस टीमों को पूर्ण तत्परता की स्थिति में रखा जाए। प्रबंध संचालक ने निर्देश दिए कि वेंडर्स एवं ठेकेदारों के वैध और स्वीकृत बिलों का भुगतान निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। भुगतान में अनावश्यक विलंब के लिए उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं सहित अन्य के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब या बाधा उत्पन्न करने वाले वेंडर्स एवं ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

बैठक में भारत सरकार द्वारा पावर सेक्टर के लिए निर्धारित साइबर सुरक्षा दिशा-निर्देशों के अनुरूप कंपनी में किए जा रहे साइबर सुरक्षा उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यालय एवं फील्ड इकाइयों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में ट्रांसमिशन लाइनों की स्थिति, ट्रिपिंग की घटनाएं, सबस्टेशनों के रखरखाव कार्य, ट्रांसफॉर्मरों एवं पारेषण लाइनों पर लोडिंग सहित विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन विषयों की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यस्थलों एवं वाहनों के उपयोग के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। प्रबंध संचालक ने पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत एमपी ट्रांसको के विभिन्न सबस्टेशनों में निर्माणाधीन 33 केवी के 152 फीडर बे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विभागीय क्रय प्रक्रियाओं में जेम पोर्टल के अधिकतम उपयोग, ई-ऑफिस प्रणाली के विस्तार तथा विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एमपी ट्रांसको की परंपरा के अनुरूप बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत तथा समापन राष्ट्रीय गान के सामूहिक गायन के साथ किया गया।

### एवी सिंह ने संभाली एसटीएफ जबलपुर की कमान

**जबलपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवी सिंह को विशेष कार्य बल यानी एसटीएफ जबलपुर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। भोपाल पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्यालय से जारी इस आदेश के बाद श्री सिंह ने अपनी नई जिम्मेदारी संभाल ली है। उन्होंने जबलपुर में ही आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में लगभग 3 वर्ष काम किया था। इसके बाद पदोन्नति पाकर वे भोपाल पहुंचे जहां उन्होंने आम जनता की शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था संभाली।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव की रणभेरी बजी

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के चुनाव की रणभेरी बज उठी है। संघ की कार्यकारिणी बैठक में पारित निर्णय के अनुसार वर्ष 2026-28 के चुनाव कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता जीएस ठाकुर को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 23 जून को प्रारंभिक मतदाता सूची जारी कर सूचना पटल पर चस्पा की गई है। अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए सूची वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से भी साझा की गई है। मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है।

### प्रारंभिक मतदाता सूची जारी, एक जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

इच्छुक अधिवक्ता एक जुलाई, 2026 को शाम पांच बजे तक लिखित आपत्ति संघ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी जीएस ठाकुर आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करेंगे। चुनाव संघ के संशोधित संविधान के अनुसार कराए जाएंगे। बैठक में पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## बिना स्मार्ट कार्ड के यात्री स्वयं निकाल सकेंगे अनारक्षित टिकट

# अब यूपीआई से भी मिलेगा रेल टिकट

**जबलपुर।** यात्रियों को तेज, सरल और डिजिटल टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल ने ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन के उपयोग को और अधिक सुविधाजनक बना दिया है। अब यात्रियों को टिकट लेने के लिए स्मार्ट कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी। वे सीधे यूपीआई भुगतान कर स्वयं अपना अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करना, यात्रियों का समय बचाना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। नई सुविधा के जरिए कुछ ही मिनटों में बिना लाइन में लगे टिकट प्राप्त किया जा सकता है। रेलवे का मानना है कि इससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी और टिकटिंग प्रक्रिया भी तेज होगी।




# नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**जबलपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने शहर में प्रचलित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

आयुक्त भोंडवे ने मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज की तंग गलियों सहित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट एवं कठौंदा स्थित एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत योजना के तहत चल रहे सीवर एवं जलप्रदाय कार्यों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



इसके अलावा उन्होंने माढ़ोताल तालाब और रानीताल मुक्तिधाम का विधायक डॉ. अभिलाष पांडे के साथ निरीक्षण किया तथा परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कठौंदा एसटीपी प्लांट परिसर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण भी किया और अधिकारियों को शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

### बरगी नगर कलारी के पास दो पक्षों में मारपीट

**जबलपुर।** बरगी नगर क्षेत्र में पुरानी कलारी के पास दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कन्हैया लाल साहू ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी सोहित बर्मन के साथ खड़ा था, तभी शरद यादव उर्फ बैला शराब के नशे में आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई। वहीं शरद यादव ने आरोप लगाया कि कन्हैया साहू ने उससे पार्टी के लिए 500 रुपये मांगे। मना करने पर कन्हैया ने अपने साथियों अंकित पटेल और बाबू उर्फ कृष्णकुमार धौसेल को बुला लिया। इसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों को चोटें आई हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है। कन्हैया साहू की रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 351(2) बीएनएस तथा शरद यादव की रिपोर्ट पर धारा 119(1), 296(बी), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# परियट जलाशय पर महापौर, विधायक व निगमाध्यक्ष ने की वर्षा की कामना, हनुमानजी - शिवजी व इंद्र देव का पूजन

**जबलपुर।** शहर में अच्छी बारिश और समृद्धि की कामना को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने परियट जलाशय के तट पर हनुमान जी, शिव शंकर जी एवं भगवान इंद्र देव का विधि-विधान से पूजन किया। इस अवसर पर महापौर ने परियट जलाशय का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक सुधार कार्यों के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान पर्याप्त वर्षा हो और सभी नागरिकों के घरों में खुशहाली बनी रहे, इसी उद्देश्य से यह पूजन किया गया। विधायक अशोक रोहाणी ने मां नर्मदा और परियट जलाशय के भरने की कामना की, जबकि निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने कहा कि सभी नागरिकों को समान रूप से जल उपलब्ध कराने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी, विवेक राम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव सहित पार्षद एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



### वीरांगना रानीदुर्गावती बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** गौड़वाना गढ़ा मण्ड़ला की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के आज 24 जून 2026 को 463वें बलिदान दिवस पर नगर निगम जबलपुर, मित्रसंघ दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, कार्पोरेशन एथलेटिक संघ, एवं अन्य संस्थाओं के सहायोग से वीरांगना की बारहा स्थित समाधि स्थल पर प्रातः 0700 बजे तथा भंवरताल में प्रतिमा स्थल पर प्रातः 09 बजे कार्यक्रम आयोजित है। नर्रई नाला (बारहा ग्राम) स्थित वीरांगना रानी दुगार्वती की समाधि पर पुलिस बल द्वारा सलामी-पुष्पांजलि, शपथ ग्रहण के पश्चात धावकों को इलेक्ट्रिक मशाल प्रज्जवलन करके सौंपी जायेगी। धावक दल इस मशाल को लेकर प्रातः 09 बजे भँवरताल उद्यान पहुंचेगा। यहाँ वीरांगना की गजारूढ प्रतिमा के समक्ष पुलिस बल द्वारा परम्परागत सशस्त्र सलामी दी जायेगी।



## रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह की तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर 24 जून को ग्राम नर्रई में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का मंगलवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर दोनों अधिकारियों ने समाधि स्थल, प्रतिमा परिसर और आयोजन स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था तथा आगंतुकों की सुविधाओं का जायजा लिया। संभावित वर्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रवास को देखते हुए समाधि रोड स्थित हेलीपैड का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, एडीएम आर.आर. राय, एसडीएम अभिषेक सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग पुष्पेंद्र अहाके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन हजार रुपये में तैयार किया सर्विलेंस ड्रोन, जेईसी छात्रों के नवाचार की सराहना

**जबलपुर।** सीमित संसाधनों और नवाचार की सोच के साथ जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज (जेईसी) के छात्रों ने महज तीन हजार रुपये की लागत से एक सर्विलेंस ड्रोन तैयार किया है। 40 से 50 ग्राम वजन वाला यह ड्रोन 720 पिक्सल कैमरा सपोर्ट के साथ निगरानी कार्यों के लिए विकसित किया गया है। छात्रों का मानना है कि उड़ान अवधि बढ़ाए जाने पर यह सुरक्षा और सर्विलेंस के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकता है। प्रोजेक्ट लीड गुरशान सिंह भामरा ने बताया कि ट्रिपल आईटीडीएम की ड्रोन सॉकर लीग प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान उन्हें इस तकनीक को निगरानी कार्यों के लिए विकसित करने का विचार आया। इसके बाद टीम ने कम लागत में एक कॉम्पैक्ट और हल्का सर्विलेंस ड्रोन तैयार किया। ड्रोन में माइक्रो कंट्रोलर, मोटर्स, वाई-फाई मॉड्यूल सहित कई आवश्यक उपकरण लगाए गए हैं, जबकि इसकी कोडिंग भी छात्रों ने स्वयं विकसित की है।



### 3-डी प्रिंटेड प्रोपेलर्स से तैयार किया मॉडल

इस ड्रोन की एक विशेषता यह भी है कि इसके प्रोपेलर्स 3-डी प्रिंटिंग तकनीक से तैयार किए गए हैं। छात्रों ने केवल ड्रोन को असेंबल ही नहीं किया, बल्कि उसकी संरचना और डिजाइन को भी अपनी जरूरतों के अनुरूप विकसित किया। छोटा आकार और कम वजन इसे ऐसी जगहों पर भी उपयोगी बनाता है, जहां बड़े ड्रोन आसानी से दिखाई दे जाते हैं। फिलहाल इसकी फ्लाइट टाइम सीमित है, लेकिन टीम अब इसकी उड़ान क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने छात्रों की टीम से मुलाकात कर उनके नवाचार की सराहना की और भविष्य में ऐसे तकनीकी प्रयोगों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रोजेक्ट को और बेहतर बनाने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस परियोजना में गुरशान सिंह भामरा, संस्कृति चौकसे, खुशी केवट, अविनी जैन, अंश उराव और प्रांजल कुशवाहा शामिल हैं, जिन्होंने विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के समन्वय से इस नवाचार को सफल बनाया।

## एमएसएमई विभाग में प्रभारों का खेल, अधिकारियों में उबाल

# जूनियर लिखेंगे सीनियर की सीआर...!

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग में जारी नए प्रभार आदेशों ने विभागीय गलियारों में हलचल मचा दी है। 15 और 16 जून को जारी आदेशों के बाद अधिकारियों के बीच असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। विवाद की जड़ वह व्यवस्था बनी है, जिसमें कई जिलों में कनिष्ठ कर्मचारियों को वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारियों के ऊपर जिम्मेदारी सौंप दी गई है। स्थिति इतनी विचित्र हो गई है कि अब कुछ स्थानों पर श्रेणी-3 के कर्मचारी, श्रेणी-2 के अधिकारियों के कार्यों की निगरानी करेंगे और उन्हीं की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (सीआर) भी लिखेंगे। विभाग के भीतर इसे सेवा नियमों और प्रशासनिक परंपराओं के विपरीत बताया जा रहा है।

### प्रभार पर प्रभार, व्यवस्था पर सवाल

विभागीय सूत्रों के अनुसार हालिया आदेशों में ऐसे कर्मचारियों को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (डीआईसी) का महाप्रबंधक बना दिया गया है, जिनका मूल पद सहायक प्रबंधक है और जो पहले से ही प्रभारी प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। अब उन्हें सीधे महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। दूसरी ओर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) के माध्यम से वर्ष 2016, 2017 और 2019 बैच में नियुक्त 60 से अधिक नियमित राजपत्रित अधिकारी विभाग में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित जिम्मेदारियां नहीं मिल पा रही हैं। इससे उनके बीच नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

### पदोन्नति अटकी, प्रभारों की बौछार

अधिकारियों का कहना है कि वर्षों से नियमित पदोन्नति की प्रक्रिया लंबित पड़ी है। योग्य अधिकारियों की पदोन्नति फाइलें आगे नहीं बढ़ रहीं, जबकि दूसरी ओर प्रभार व्यवस्था के जरिए उच्च पदों का वितरण किया जा रहा है। विभागीय कर्मचारियों का तर्क है कि यदि नियमित पदोन्नति में तकनीकी या प्रशासनिक बाधाएं थीं, तो शासन को वैकल्पिक और नियमसम्मत व्यवस्था अपनानी चाहिए थी।

### प्रशासनिक अनुशासन पर मंडराया संकट

जानकारों का मानना है कि कनिष्ठ और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच इस प्रकार की असामान्य प्रशासनिक संरचना विभागीय अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। जब किसी वरिष्ठ अधिकारी का मूल्यांकन उससे कनिष्ठ कर्मचारी करेगा, तो कार्यस्थल पर समन्वय और जवाबदेही दोनों प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की प्रभारी नियुक्तियां अल्पकालिक समाधान तो हो सकती हैं, लेकिन दीर्घकाल में विभाग की प्रशासनिक रीढ़ को कमजोर करने का खतरा पैदा करती हैं। गोपनीयता, सेवा अनुशासन और कार्य गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### विभाग में उठ रहा बड़ा सवाल

एमएसएमई विभाग के भीतर अब एक ही सवाल सबसे ज्यादा चर्चा में है "जब नियमित अधिकारी मौजूद हैं, तो आखिर प्रभारों के सहारे पूरी व्यवस्था चलाने की जरूरत क्यों पड़ रही है?" यही सवाल अब विभागीय असंतोष को और तेज कर रहा है तथा आने वाले दिनों में यह मुद्दा प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बन सकता है।



## शारीरिक एवं मानसिक संतुलन के लिए जरूरी है योग

**सिहोरा।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान मे नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति के संयोजन में सिहोरा के जैन मंदिर झंडा बाजार में संचालित योग केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्षय में नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे के मुख्यातिथ्य,पार्षद रीता शुक्ला,बेबी विनय पाल,गीता पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।सूक्ष्म व्यायाम प्राणायाम और योगासन का अभ्यास सुनीता दुआ के द्वारा कराया गया। समिति के तत्वाधान में योग आसन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन चार वर्गों में किया गया। प्रथम वर्ग में गरविका दुआ प्रथम,दर्श जैन द्वितीय,दिव्यम तृतीय द्वितीय वर्ग में अन्वी जैन प्रथम,आहम जैन द्वितीय,आश्रिया दुआ तृतीय रही ।तीसरे वर्ग में कृतिका गुप्ता प्रथम,शुभ्रा दर्श द्वितीय,जान्हवी मयांक तृतीय स्थान पर रहे पोस्टर प्रतियोगिता में आराध्य जैन प्रथम,आश्रिया दुआ द्वितीय,अर्हम जैन तृतीय रहे । महिलाओं की प्रतियोगिता में उपासना चौरसिया,किरन नकरा द्वितीय,रानी जैन,आभा सरावगी तृतीय रहीं।सभी प्रतिभागियों को अर्चना जैन एवं चंदा नौगरहिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। योगासन प्रतियोगिता का संयोजन सुनीता दुआ के नेतृत्व में किया गया समिति की सचिव सारिका साहू ने संचालन किया तथा अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली ने आभार व्यक्त किया।

# सर्वोदय ब्राह्मण समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## भरत तिवारी के एनकाउंटर का मामला

**सिहोरा।** बिहार में हुए भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर को लेकर प्रदेश के साथ जबलपुर जिले में भी आक्रोश देखा जा रहा है। सिहोरा के सर्वोदय ब्राह्मण समाज ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए महामहिम राष्ट्रपति एंव बिहार के राज्यपाल के नाम एसडीएम सिहोरा को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने इस घटना को नियमों के विपरीत बताते हुए उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है।



**आत्मसमर्पण के बाद एनकाउंटर का आरोप** ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत दिनों बिहार के एक गांव में भरत तिवारी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण (सरेंडर) कर दिया था। आरोप है कि आत्मसमर्पण करने के बावजूद वहां की पुलिस ने उनका एनकाउंटर कर दिया। संगठन का कहना है कि यह पूरी घटना पूरी तरह से संदिग्ध और जांच का विषय है। इस अवसर पर सर्वोदय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जय प्रकाश तिवारी, राजेश कुमार कुररिया, दीपक तिवारी,डब्बू पाठक, संदीप तिवारी, अभिषेक पाण्डे, शिवम द्विवेदी, आदित्य दुबे, अमन तिवारी, नितिश कुमार मिश्रा, जय प्रकाश मिश्रा, जगदीश तिवारी, अन्नी महाराज, विनय दुबे,रवि प्रकाश मिश्रा, अर्जुन गर्ग, सुरेन्द्र मिश्रा, विष्णूदत्त गौतम,अमित कुररिया योगेन्द्र मिश्रा, शीतल प्रसाद दुबे आदि उपस्थित थे।



## बरेला में स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण की मांग, राज्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बरेला।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा स्वास्थ्य विभाग बरेला में कार्यरत कर्मचारियों के लिए शासकीय आवास निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रीय सांसद आशीष दुबे एवं विधायक सुशील तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत लगभग 80 कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन अस्पताल परिसर में बने आवास जर्जर अवस्था में हैं, जिससे कर्मचारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने परिसर की खाली भूमि पर नए कर्मचारी आवासों के निर्माण की मांग की है। इस अवसर पर रजनीश कुमार पांडेय, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, शहजाद सिंह द्विवेदी, दालचंद पासी, मनोज सिंह, शेर सिंह, अंशुल साहू, शुभ संदेश सिंगौर, निर्मल लोधी, जयप्रकाश गुप्ता, झनक लाल झारिया, संतराम कुवैती, गणेश सिंगरोरे, मुकेश मेहरा, प्रदीप मिश्रा, विजय लोधी, नितिन पांडे सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली को समर्पित निरंकारी मिशन का योग दिवस

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जबलपुर शाखा में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक प्रेम विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया और स्वस्थ व संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। ज़ोनल इंचार्ज नवनीत नागपाल ने बताया कि मिशन द्वारा देशभर में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित



किए गए, जिनका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को बढ़ावा देना है। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा के अनुसार, देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर योग कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में योग को स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन का माध्यम बताया गया।

## भीषण गर्मी में भेड़ाघाट की बिजली व्यवस्था चरमराई, उपभोक्ताओं में आक्रोश

**भेड़ाघाट।** क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति से आमजन भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, आए दिन होने वाली बिजली की आवाजाही और लंबे समय तक कटौती से जल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित की जाती है, जबकि वास्तविक सुधार कार्य नहीं किए जा रहे हैं। थोड़ी सी बारिश या हवा चलने पर भी बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली कटौती के कारण एमपी ऑनलाइन सेंटर, छोटे व्यवसाय और कई कार्यस्थल बंद होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। स्थानीय नागरिकों में बिजली व्यवस्था को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने विद्युत मंडल के अधिकारियों से क्षेत्र में नियमित एवं सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## अस्पताल का उद्घाटन करते धर्मार्थ नेत्रालय खोलने की प्रेरणा मिली : दंडी स्वामी

**जबलपुर।** "कोई भी इंसान सिर्फ गरीबी की वजह से उपचार के अभाव में नेत्रहीन न हो।" यह उद्गार धर्मार्थ नेत्रालय निःशुल्क नेत्र शिविर के दौरान श्री पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने व्यक्त करते हुए बताया कि मानव की सेवा सनातन की परम्परा है, मानव की सेवा में ही ईश्वर के दर्शन होते हैं अंतःकरण से ऐसी प्रेरणा अस्पताल के उद्घाटन के वक्त मिली और धर्मार्थ नेत्रालय खोलने का संकल्प लिया जिसकी अनुभूति आज देखने को मिल रही है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में धर्मार्थ नेत्रालय सेवा समिति, कालीधाम शिष्य परिवार एवं संयोजक महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज द्वारा उपस्थित जगतगुरु बाल गोविंदाचार्य, जगत गुरु राजारामाचार्य, कालीमठ के महंत



चंद्रशेखरानंद, पं. अनूप देव शास्त्रीय एवं डॉ. अविजित विश्नोई का पुष्पहार एवं शाल, श्रीफल से स्वागत किया गया। डॉ. स्वामी राधेचैतन्य द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नेत्रालय का संचालन कालिकानंद धर्मार्थ नेत्रालय सेवा समिति एवं कालीधाम शिष्य द्वारा किया जावेगा। इस अवसर पर डॉ. अविजित विश्नोई द्वारा शिविर में उपस्थित सभी का नेत्र परीक्षण किया गया। अधिक से अधिक जनता ने नेत्रों की जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया।इस अवसर पर धर्मार्थ नेत्रालय सेवा समिति एवं कालीधाम शिष्य परिवार के प्रदीप चौहान, बबलू, सुशील सोनी, डीओपी राव, श्रीराम खत्री, प्रभात दुबे, यज्ञेश तिवारी, सतीश बृजवानी, सत्यनारायण अग्रवाल द्वारा उपस्थित जनता का आभार व्यक्त किया गया।



## ग्रीष्मकालीन तैराकी, वाटर पोलो प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**जबलपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला तैराकी संघ जबलपुर के तत्वावधान में एवं क्रीड़ा भारती महानगर जबलपुर के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन तैराकी, वाटर पोलो प्रशिक्षण शिविर का समापन एवं जल योग, नीर आसान की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन 21 जून को नगर निगम स्वीमिंग पूल भंवरताल जबलपुर में किया गया। जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, सचिव सुनील कुमार पटेल व नवराज सिंह, सिमोन पटेल खेलो इंडिया रेफरी ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। राष्ट्रीय तैराक सार्थक पटेल (एन.आई.एस.), अमन लोधी, अंतरराष्ट्रीय तैराक सिद्धांत पटेल, सत्यम तिवारी, तनिष्क पटेल ने जल योग में ताड़ आसन, पद्मासन, बद्ध ताड़ आसन, मत्स्यासन आदि अनेक मुद्राओं में जलयोग का प्रदर्शन किया।

## कछपुरा सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में दो विवादों का समाधान, आपसी सहमति से हुआ निपटारा



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर की जनसुनवाई में प्राप्त 59 प्रकरणों में से 5 आपसी विवाद के मामले कछपुरा संभाग स्थित सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र को भेजे गए, जिनमें से 2 प्रकरणों का समाधान आपसी सहमति से किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत प्रशिक्षित सामुदायिक मध्यस्थों की पहल से जल समस्या एवं झाड़-झंकाड़ की छंटाई से संबंधित विवादों का सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटारा किया गया। आवेदक अरुणा शर्मा एवं गौरव रजक के बीच चल रहे विवाद का समाधान काउंसलिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें दोनों पक्षों ने सहमति से अपने मुद्दों का निपटारा किया।

इस अवसर पर मध्यस्थता केंद्र की प्रभारी अधिकारी अंकिता जैन एवं नोडल अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी। मध्यस्थ सानिध्य उपाध्याय एवं पूनम यादव की भूमिका से दोनों मामलों का सफल समाधान संभव हुआ। विवाद सुलझने के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया, जिससे वातावरण सकारात्मक बना। केंद्र के सदस्यों ने दोनों पक्षों का पुष्पगुच्छ एवं माला से स्वागत किया।



## 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर में 2051 अग्निवीरों की पासिंग ऑउट परेड सम्पन्न, राष्ट्र सेवा के लिए हुए समर्पित

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर के गौरी शंकर परेड ग्राउंड में अग्निवीरों के 8वें बैच की भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 2051 अग्निवीर प्रशिक्षुओं ने 24 सप्ताह का कठोर एवं अनुशासित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। परेड की समीक्षा कर्नल संदीप शर्मा, कमांडेंट 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर द्वारा की गई। उन्होंने अग्निवीरों के समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा में व्यावसायिक उत्कृष्टता और उच्च सैन्य मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अग्निवीरों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने पुत्रों के सैन्य प्रशिक्षण एवं उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद ये अग्निवीर देश की विभिन्न सीमाओं पर तैनात अपनी-अपनी इकाइयों में सेवा हेतु प्रस्थान करेंगे। परेड के दौरान "भारत माता की जय" के नारों और रेजिमेंटल युद्धघोष से पूरा वातावरण देशभक्ति के उत्साह से गूंज उठा।

## रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित नौ पुलिस अधिकारियों का गुंजन कला सदन ने किया अभिनंदन



**जबलपुर।** गुंजन कला सदन, मध्यप्रदेश द्वारा रुस्तम जी पुरस्कार से अलंकृत नौ पुलिस अधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पुलिसकर्मी समाज के सजग प्रहरी हैं, जिनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से नागरिक सुरक्षित जीवन व्यतीत करते हैं। कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक अजय विश्नोई, डीआईजी अतुल सिंह, पूर्व डीआईजी मनोहर वर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया। सम्मानित अधिकारियों में पूर्व एआईजी राजेश तिवारी, पूर्व एडीशनल एसपी गोपाल खाण्डेल, एडीएसपी (रेलवे) भावना मरावी, पूर्व सीएसपी प्रभात शुक्ल, पूर्व डीएसपी रवीन्द्र गौतम, पूर्व इंस्पेक्टर राजेंद्र बागरी, इंस्पेक्टर नरेन्द्र मिश्रा, आरआई जयप्रकाश आर्य एवं कांस्टेबल जयकुमार चौधरी शामिल रहे। सभी को शाल, श्रीफल, माला एवं अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना से हुई। स्वागत भाषण विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया, जबकि आभार प्रदर्शन हिमांशु तिवारी ने किया।



## रानी दुर्गावती मिनी मैराथन में रमनी पटैल और साहिल साहू ने मारी बाजी, 200 से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा

**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित संभागीय रानी दुर्गावती मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में महिला वर्ग में रमनी पटैल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पुरुष वर्ग में साहिल साहू विजेता रहे। महिला वर्ग में नेहा यादव द्वितीय एवं अंशिका लोधी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं पुरुष वर्ग में लविस कुमार द्वितीय और आदित्य राज तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग से कुल 200 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम जबलपुर एवं मित्र संघ वीरांगना दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। दौड़ की शुरुआत भंवरताल स्थित रानी दुर्गावती प्रतिमा के सामने से हुई।कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज एवं एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। विजेताओं को 24 जून को भंवरताल उद्यान में आयोजित मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## बरेला में कांग्रेस का 'हल्ला बोल' प्रदर्शन जनसमस्याओं को लेकर उप-तहसील कार्यालय का घेराव



**बरेला।** क्षेत्र में बढ़ती जनसमस्याओं, उपतहसील कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार, बिजली कटौती, अवैध शराब बिक्री तथा प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को 'हल्ला बोल' आंदोलन के तहत जोरदार प्रदर्शन किया।सैकड़ों की संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने मेला ग्राउंड से रैली निकालकर नगर भ्रमण किया और उपतहसील कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है, जिससे आमजन परेशान हैं। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम जबलपुर अभिषेक सिंह को ज्ञापन सौंपा। आंदोलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सन्मति सैनी, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव, राजेश पटेल, विवेक पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश पटेल, जनपद सदस्य सतेन्द्र गर्ग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एस एस कॉलेज में एल्युम्नाई समिति की बैठक आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एल्युम्नाई समिति की अध्यक्ष डॉ. अरुणा पांडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें समिति के भविष्य और संगठन को मजबूती देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर निर्णय पारित किए गए। बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संगठन के नवीन चुनाव सितंबर 2026 के बाद संपन्न कराए जाएंगे।




**श्री मनोहर सिंह रील-** गोरखपुर स्थित सनातन धर्म मंदिर के निकट निवासी श्री मनोहर सिंह रील का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती अनीता सोनी-** घंसौर सिवनी निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता सोनी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा-** एकता चौक गंगासागर शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कमलेश कुमार केसरवानी-** वसुंधरा कॉलोनी निवासी श्री कमलेश कुमार केसरवानी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई लोधी-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री राजेश सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई लोधी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री दयाराम वर्मा-** छापर रामपुर निवासी श्री दयाराम वर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला वाजपेयी-** शीतलपुरी चेरीताल निवासी स्व. श्री भगवती धर वाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला वाजपेयी (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री एसके वर्मा-** बिग बाजार के सामने पोलीपाथर निवासी श्री एसके वर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल झारिया-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री छोटे लाल झारिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-



# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।



लाइफ Style

# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।

हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

टीवी मसाला



# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'



**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है। उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा

**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे।



इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।



## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

*__नई दिल्ली।__ स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।*



### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

# सफर की रात में 'या अली-या हुसैन' के नारों से गूंजी मदन महल पहाड़ी

## शिया समुदाय ने निकाला दर्दनाक मातमी जुलूस



**जबलपुर।** मुहर्रम की सातवीं तारीख (सफ़र की रात) पर मंगलवार को जबलपुर नगर एवं उपनगर के विभिन्न इमामबाड़ों में सुबह से ही अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।इस अवसर पर नूरानी नौजवान लंगर कमेटी, शान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैन एकता कमेटी, हैदरे लंगर कमेटी, अमर एकता कमेटी, कर्बला लंगर कमेटी एवं गौसे आजम लंगर कमेटी द्वारा जगह-जगह लंगर, छबील और शरबत वितरण की व्यवस्थाएं की गईं। समाचार लिखे जाने तक नगर एवं उपनगर के विभिन्न इमामबाड़ों से सवारियां निकलना शुरू हो चुकी थीं। नगर उपनगर के विभिन्न क्षेत्रों से सवारियां कई किलोमीटर का सफर करने के बाद मदन महल दरगाह पहुंचेंगी। जहाँ परंपरानुसार सवारियां सलामी पेश करेंगी। बैंड-बाजों के साथ निकली सवारियों में बड़े मुजावरों के साथ-साथ मासूम बच्चों पर भी 'हाल' की आमद हुई। अकीदतमंदों ने बाबा साहब लोगों से अपनी मुरादें बताई और बाबा साहब ने मुरादें पूरी होने की दुआ दी। पूरी रात मदन महल दरगाह और आसपास का क्षेत्र "या अली, या हुसैन" के नारों तथा ढोल-नगाड़ों की गूंज से सराबोर रहा।

जुलूस मार्ग के प्रमुख हिस्से छोटी बजारिया से मदन महल दरगाह तक लगभग तीन किलोमीटर लंबे रास्ते पर रात 8 बजे से ही जायरीनों का पहुंचना शुरू हो गया था। समय बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती गई और देर रात तक यह दृश्य एक विशाल जनसैलाब में बदल गया। अकीदतमंदों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ मुहर्रम की इस पारंपरिक रस्म में सहभागिता निभाई।सदरः मुहर्रम की सातवीं तारीख (सफ़र की रात) पर सदर बाज़ार गली नंबर 9 स्थित कदीमी ताज़िए में सदर, गोरा बाज़ार, गोरखपुर एवं अन्य क्षेत्रों से आई सवारियों के मुजावरों ने हाज़िरी पेश की। इसके बाद सवारियां अकीदत के साथ सदर की गलियों में गश्त करती हुईं मदन महल दरगाह के लिए रवाना हुईं।

वहीं जमाअत-ए-कादरी के सदस्यों ने विभिन्न सवारियों के हिंदू एवं मुस्लिम मुजावरों का दूध के प्याले पेश कर इस्तकबाल किया। पुलिस प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।सिटी कोतवालीः सिटी कोतवाली बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला के सामने, मरहूम शेख मुन्ना नियाजी और मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाजी के इमामबाड़े में मुहर्रम की सातवीं तारीख सफर की रात को हाजी शेख जमील नियाजी, हाजी शेख मुबीन नियाजी, हाजी शेख अनवार नियाजी और हाजी बाबा सैयद शेख अमीन कर्बलाई साहब की सरपरस्ती में जायरीनों के लिए चाय पानी का इंतजाम किया गया। सफर की रात के जुलूस में शामिल हजारों जायरीनों ने इस आयोजन में शिरकत की। इस मौके पर मोहम्मद रईस नियाजी, मीर फैजान अली नियाजी, हाजी मोहम्मद अनीस नियाजी, मोहम्मद अबरार नियाजी, मोहम्मद हुसैन नियाजी आदि उपस्थित रहें।

## भाजपा मप्र की प्रदेश कार्यसमिति घोषित, जबलपुर से कई नेताओं को मिला स्थान

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यसमिति, स्थायी आमंत्रित एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की गई। प्रदेश कार्यसमिति में कुल 106 सदस्यों को शामिल किया गया है, जबकि 41 वरिष्ठ नेताओं को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्यों में संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष और विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों को भी शामिल किया गया है। जबलपुर जिले से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, पूर्व महापौर डॉ. स्वाति सदानंद गोडबोले, पूर्व विधायक नंदनी मरावी को कार्यसमिति में स्थान मिला है। वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्यों में विधायक अजय विश्नोई और डॉ. जितेंद्र जामदार शामिल किए गए हैं। पार्टी द्वारा बताया गया कि कार्यसमिति में 33 प्रतिशत महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है तथा सभी वर्गों, समाजों और क्षेत्रों को समुचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है। भाजपा ने इसे 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत के अनुरूप बताया है।



## मप्र अमेच्योर बॉक्सिंग संघ के नए अध्यक्ष बने फग्गन सिंह कुलस्ते

**जबलपुर।** ंडियन अमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन से संबद्ध मध्यप्रदेश अमेच्योर बॉक्सिंग संघ की सामान्य सभा की बैठक नेपियर टाउन स्थित होटल अमृत में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट वरुण तन्खा ने व्यक्तिगत कारणों से पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद नए अध्यक्ष का चयन आवश्यक हो गया था। नवनिर्वाचित अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में प्रदेश में मुक्केबाजी खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। वहीं पूर्व अध्यक्ष वरुण तन्खा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर संघ को भविष्य में संरक्षक के रूप में सहयोग देने की बात कही। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पंकज पांडे, सचिव सत्येन्द्र सोनक, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष सार्थक सेठी, एडवोकेट शीवेन्द्र पाण्डेय, रवि पटेल, अनंत सोनी, संजय मिश्रा, डॉ. नीलेश पाण्डेय सहित कई पदाधिकारी एवं वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने का प्रस्ताव, मंत्री राकेश सिंह ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार से स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया। इस अवसर पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी तथा चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल सहित अन्य मंत्रियों ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया। जानकारी के अनुसार, यह प्रस्ताव पहले ही मध्यप्रदेश विधानसभा से पारित होकर केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से इसे शीघ्र स्वीकृत कराने का आग्रह किया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती का जीवन नारी शक्ति, शौर्य और प्रशासनिक कौशल का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उनके नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण प्रदेश के लिए गौरव का विषय होगा।



## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला जबलपुर की जिला स्तरीय बैठक सोमवार को डाइट परिसर में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य, प्रांतीय उपाध्यक्ष विनय सिंह चौहान एवं संगठन मंत्री अजय तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य तथा जिला अध्यक्ष आशीष तिवारी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में जिला कार्यकारिणी सहित सभी तहसील, ब्लॉक एवं नगर इकाइयों के पदाधिकारी, महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षक पात्रता परीक्षा, प्रांतीय अभ्यास वर्ग, वार्षिक सदस्यता अभियान, गुरु छाया कार्यक्रम तथा विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ ने TET से संबंधित विषय पर संगठन की भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को पात्रता परीक्षा से मुक्त रखने का प्रयास जारी है और इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री से चर्चा की जा रही है। उन्होंने नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता दिलाने के प्रयासों की भी जानकारी दी। प्रांतीय उपाध्यक्ष विनय सिंह चौहान ने सदस्यता अभियान को गति देने पर बल दिया, जबकि जिला अध्यक्ष आशीष तिवारी ने स्थानीय समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक के अंत में प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ के पीएचडी उपाधि प्राप्त करने पर उनका शाल, श्रीफल, मोतीमाला एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## रश्मि पटेल को पीएचडी (विद्यावाचस्पति) की उपाधि

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के 36वें दीक्षांत समारोह में छोटी उखरी निवासी श्रीमती रश्मि पटेल को अर्थशास्त्र विषय में "विद्यावाचस्पति (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी)" की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में प्रदान किया गया। उनके शोध प्रबंध का विषय "मध्यप्रदेश का औद्योगिक विकासः चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ (जबलपुर संभाग के विशेष संदर्भ में)" रहा, जिसे उन्होंने डॉ. जे. के. गुजराल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। रश्मि पटेल ने इस उपलब्धि से न केवल अपने परिवार बल्कि जबलपुर शहर का भी गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता पर शुभचिंतकों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।





## श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना का रिकॉर्ड

## एक दिन में 11,721 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का किया निस्तारण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना दोंगलिया ने पर्यावरण-अनुकूल फ्लाई ऐश निस्तारण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परियोजना ने एक ही दिन में 284 बल्करों के माध्यम से कुल 11,721 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का परिवहन एवं निस्तारण किया। इसमें विद्युत गृह क्रमांक-1 से 114 बल्कर तथा विद्युत गृह क्रमांक-2 से 170 बल्कर लोड किए गए। इससे पूर्व 30 मार्च 2025 को 236 बल्करों के माध्यम से 9,429 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश परिवहन का रिकॉर्ड बनाया गया था, जिसे अब पीछे छोड़ दिया गया है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर मुख्य अभियंता आर.के. साहू सहित समस्त अभियंताओं एवं कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क और सतत प्रयासों का परिणाम है तथा फ्लाई ऐश का वैज्ञानिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सैंजली नायक को राष्ट्रपति से मिले दो स्वर्ण पदक, बनीं प्रेरणास्रोत

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में एम.ए. राजनीति विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा सैंजली नायक को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। सैंजली नायक ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता संजीव नायक एवं सीमा नायक तथा हवाबाग महाविद्यालय और मार्गदर्शक डॉ. जयश्री दीक्षित को दिया। उन्होंने कहा कि उनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो सकी। वर्तमान में हैदराबाद में आईटी ऑडिट लीड के पद पर कार्यरत सैंजली ने बताया कि नौकरी के साथ पढ़ाई जारी रखना चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन दृढ़ संकल्प और परिवार के सहयोग से उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया। सैंजली ने इस उपलब्धि को अपने परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों के सहयोग का परिणाम बताया।



## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

## 1041 बूथों पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम

**जबलपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्र वादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा गुलौआ चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही महानगर के सभी 1041 बूथों पर भी उन्हें पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्रीकान्त साहू, जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, सोनू बचवानी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक चेतना को समर्पित रहा तथा "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उनका संदेश आज भी प्रेरणादायक है। जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने भी उनके विचारों को राष्ट्रीय एकता का आधार बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, अंजू भार्गव, रीना राय, प्रणय गुप्ता, संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, रविन्द्र पचौरी, राहुल बेन, मोहन निरंकार, दीपक सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में हवलदार अरविंद वर्मा की एटेस्टेशन परेड सम्पन्न

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत के तत्वावधान में हवलदार अरविंद वर्मा की एटेस्टेशन परेड जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, जबलपुर में सैन्य परंपराओं एवं गौरवपूर्ण रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न हुई। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के निवासी हवलदार अरविंद वर्मा भारतीय सेना के प्रतिभाशाली कैनोइस्ट खिलाड़ियों में से एक हैं। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों तक भारत का प्रतिनिधित्व कर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में एशिया कप हांगकांग (2025) में स्वर्ण पदक, एशियन कैनो स्प्रिंट अंडर-23 चैंपियनशिप थाईलैंड (2025) में रजत पदक तथा एशियाई चैंपियनशिप कजाकिस्तान (2026) में तीन कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने टिहरी कप में दो स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय खेलों, प्रेसिडेंट्स कप एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कई रजत पदक भी जीते हैं। उनकी उपलब्धियों को भारतीय सेना की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की नीति का उदाहरण बताया गया। अरविंद वर्मा की सफलता को सैनिकों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया जा रहा है, जो कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संदेश देती है।



## नितिन तिवारी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से दो स्वर्ण पदक



**जबलपुर।** सिविल सेवा मार्गदर्शक नितिन तिवारी को इतिहास विषय में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विषय में सर्वोच्च उपलब्धि और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया। नितिन तिवारी ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि ऐसे सक्षम एवं कर्तव्यनिष्ठ युवाओं को तैयार करना है जो भविष्य में सिविल सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।


### नाम सुधार सूचना

मैं BALVINDER VOHRA उम्र 50 वर्ष S/O BHUPINDER VOHRA मेरी 10th की अंकसूची में मेरा नाम BALVINDER KUMAR SINGH S/O BHOOPENDRA KUMAR SINGH लिखा हुआ है जो बदल कर BALVINDER VOHRA कर लिया है जो कि मेरे पेन, आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे मेरे नए नाम (BALVINDER VOHRA) से जाना पहचाना जाए।

नया नाम
BALVINDER VOHRA
पुराना नाम
BALVINDER KUMAR SINGH
पता -: 266 मंडला रोड सालीवारा जबलपुर

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, JHANAKLAL PATLE is legally FATHER of ARMY NO- 17007184L, Rank NK, Name- OM PRAKASH presently residing at Vill- DALWADA, POST- MAJHGAON, Teh - PARASWADA, Distt - BALAGHAT State- M. P., PIN- 481111. शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि JHANAK LAL /05/04/1970 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि JHANAKLAL PATLE / 04/05/1970 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं BY 639511 दिनांक 23-06-26 नोटरी बालाघाट म.प्र.।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
JHANAK LAL / 05/04/1970
सही नाम एवं जन्मतिथि
JHANAKLAL PATLE / 04/05/1970

### नाम परिवर्तन सूचना

I, OM PRAKASH of ARMY NO-17007184L, Rank- NK, Name- OM PRAKASH presently residing at Vill- DALWADA POST- MAJHGAON, Teh PARASWADA, Distt BALAGHAT State- M. P., PIN- 481111 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे बेटे का नाम GHRISH दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे बेटे के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरे बेटे का नाम GIRISH PATLE दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे बेटे के नाम को पढा व सुना एंव मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं BY 639509 दिनांक 23-06-26 नोटरी बालाघाट म.प्र.।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
GHRISH
सही नाम एवं जन्मतिथि
GIRISH PATLE

### CHANGE OF NAME

I, PARILATA GYANIWANT BODELE Mother of 4581120X Rank HAV Name BODELE LOKESH GYANIWANT presently, residing at VILL - GARADA, PO - KESLWADA (WAGH), TEH - LAKHANI, DSITT BHANDARA (MAHARASHTRA)-441804 I, have changed of my name from PARILATA BODELE (Name as per my son, Army service records) to PARILATA GYANIWANT BODELE (name as per my AADHAR CARD NO. 9342 9329 1012) vide affidavit dated 23/06/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
PARILATA GYANIWANT BODELE
INCORRECT NAME
PARILATA BODELE

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

I, MALHAN PATLE is legally MOTHER of ARMY NO- 17007184L, Rank NK, Name- OM PRAKASH presently residing at Vill- DALWADA, POST-MAJHGAON, Teh PARASWADA, Distt - BALAGHAT,State - M. P. PIN - 481111 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि MALHAN PATEL /13/06/1972 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एवं जन्मतिथि MALHAN PATLE / 01/01/1971 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं BY 639510 दिनांक 23-06-26 नोटरी बालाघाट म.प्र.।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
MALHAN PATEL / 13/06/1972
सही नाम एवं जन्मतिथि
MALHAN PATLE / 01/01/1971

### कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-09
दिनांक:- 22/06/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया देवी नाग्देव पति श्री शंकर लाल नाग्देव ने मकान नं. 12/1/GF/S-1 वार्ड लोक मान्य तिलक कुल क्षेत्रफल 198 व.फु व्यावसायिक स्वंय निर्मित क्षेत्रफल 198 व.फु, भूतल 198 व.फु व्यावसायिक स्वंय दानपत्र के आधार पर नगर निगम पर द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 12, घंटाघर नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.सं.अधि./सं.क्र.12/2026-27/एम-10
दिनांक:- 22/06/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हितेश नाग्देव पिता श्री शंकर लाल नाग्देव ने मकान नं. 392 वार्ड पं मदन मोहन मालवीय कुल क्षेत्रफल 508.65 व.फु निर्मित क्षेत्रफल 896 व.फु, भूतल 216 व.फु Resi., 292 व.फु Com., प्रथमतल 388 व.फु Resi. दानपत्र के आधार पर नगर निगम पर द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-12 घंटाघर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.12 घंटाघर
नगर निगम, जबलपुर